देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 22.07.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :-

- पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा– त्रियुगीनारायण को वैदिक पर्यटन विलेज के रूप में विकसित किया जाएगा।
- सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा – प्रदेश के विकास में राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक– नाबार्ड का महत्वपूर्ण योगदान है।
- बदरीनाथ और केदारनाथ धाम में अब तक 25 लाख 60 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।
- उत्तरकाशी देहरादून और टिहरी जिलों में आज कहीं–कहीं भारी बारिश का येलो अलर्ट।

पर्यटन मंत्री

प्रदेश के पर्यटन व धर्मस्व मंत्री सतपाल महाराज ने रुद्रप्रयाग जिले में स्थित त्रियुगीनारायण को वैदिक पर्यटन विलेज के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए हैं। देहरादून में विभागीय समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि यह स्थान इतिहास, पौराणिक कथाओं व प्राकृतिक सुंदरता की दृष्टि से महत्वपूर्ण होने के साथ ही इसे आध्यात्मिक व पारंपरिक स्पर्श वाली शादियों के लिए जाना जाता है।

पर्यटन मंत्री ने गढ़वाल मंडल विकास निगम और कुमाऊं मंडल विकास निगम के एकीकरण की प्रक्रिया में तेजी लाने के साथ ही मानसखंड मंदिर माला मिशन की तरह ही केदारखंड मंदिर माला मिशन का मास्टर प्लान तैयार करने के भी निर्देश दिए। समीक्षा बैठक के बाद पत्रकारों को जानकारी देते हुए पर्यटन मंत्री ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में पर्यटन विभाग में 48 हजार 676 लाख रुपए की विभिन्न योजनाएं स्वीकृत की गई हैं।

सहकारिता मंत्री

सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा है कि प्रदेश के विकास में राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक– नाबार्ड का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि नाबार्ड के सहयोग से राज्य में कई योजनाएं धरातल पर उतरी है और आम लोगों को उसका भरपूर लाभ मिला है और भविष्य में भी नाबार्ड का सहयोग लेकर विकास की गति को आगे बढ़ाया जाएगा। खासकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिये नाबार्ड के साथ काम किया जाएगा। नाबार्ड के उत्तराखंड क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून में 44वां स्थापना दिवस समारोह कार्यक्रम में सहकारिता मंत्री ये बातें कहीं। इस अवसर पर उन्होंने स्वयं सहायता समूह और कृषक उत्पादक संगठनों की ओर से लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया और उनके द्वारा बनाए गए उत्पादों की सराहना की। डॉ. रावत ने उत्तराखंड सहित पूरे देश में कृषकों की संख्या में निरंतर कमी को चिंताजनक बताते हुए कहा कि इसके समाधान के लिए नाबार्ड और सरकार को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि सहकारिता के क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से

इस क्षेत्र में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है। बहुउद्देशीय सहकारी समितियों में सचिव की नियुक्ति के लिए का प्रावधान किया गया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि नाबार्ड के सहयोग से राज्य और तेजी से विकास करेगा और आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर होगा।

पंचायत चुनाव रुद्रप्रयाग

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए पहले चरण में 24 जुलाई को होने वाले मतदान को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए रुद्रप्रयाग के पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रल्हाद कोंडे ने सभी थाना, चौकी और अन्य विभागीय शाखा प्रभारियों के साथ बैठक की। इस मौके पर उन्होंने आचार संहिता तिथि से अभी तक थानावार की गई निरोधात्मक कार्यवाही की समीक्षा की। उन्होंने चुनाव ड्यूटी के लिए तैनात पुलिस बल की समीक्षा करते हुए क्यूआरटी और रिजर्व पुलिस बल को थाना क्षेत्र में उपलब्ध रखने के निर्देश दिये। साथ ही चुनाव प्रकोष्ठ के लिए तैनात होने वाले पुलिस बल का विवरण और आने वाले दिनों में ब्रीफिंग और पुलिस बल का मूवमेंट प्लान करने की बात कही। उन्होंने सभी थाना व शाखा प्रभारियों को चुनाव की संवेदनशीलता के दृष्टिगत शांतिपूर्ण और सकुलश तरीके से चुनाव कराने के निर्देश दिये।

उत्तराखंड उच्च न्यायालय

उत्तरकाशी जिले की बड़कोट नगर पालिका परिषद क्षेत्र के तहत लगभग 2 हजार 695 मतदाताओं का नाम दो मतदाता सूचियों में दर्ज होने के मामले में उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय ने राज्य निर्वाचन आयोग से अपना निर्णय स्पष्ट करने को कहा है। मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र और न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खण्डपीठ ने इस मामले में दायर एक जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए आयोग से आगामी 28 जुलाई तक न्यायालय में रिपोर्ट पेश करने को कहा है।

शराब अभियुक्त गिरफ्तार

देहरादून जिले में चकराता क्षेत्र के हर्बटपुर के समीप एक वाहन से आबकारी विभाग की टीम ने 25 पेटी अवैध शराब के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि यह शराब पंचायत चुनाव में खपत के लिए चंढ़ीगढ़ से लाई जा रही थी। पकड़े गये दोनों अभियुक्तों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदना दर्ज किया गया है। आबकारी विभाग और पुलिस का पंचायत चुनावों के दृष्टिगत लगातार सघन चेकिंग अभियान जारी है। उधर, देहरादून पुलिस ने भी पंचायत चुनाव के लिए लाई जा रही 12 पेटी अवैध शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

बदरीनाथ / केदारनाथ

बदरीनाथ और केदारनाथ धाम में बरसात के बावजूद तीर्थयात्रियों का आगमन लगातार जारी है। अब तक 25 लाख 60 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने दोनों धामों में दर्शन किए हैं। बदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने बताया कि सावन माह में केदारनाथ धाम में यात्रियों की संख्या पिछले सप्ताह की तुलना में बढ़ गई है और धामों में बड़ी संख्या में कांवड़िए जलाभिषेक के लिए पहुंच रहे हैं।

उन्होंने बताया कि केदारनाथ धाम में 13 लाख 91 हजार से अधिक तीर्थयात्रियों ने दर्शन किए हैं, 11 लाख 69 हजार से अधिक तीर्थयात्रियों ने भगवान बदरी विशाल के दर्शन किए हैं। श्री द्विवेदी ने कहा कि प्रदेश सरकार और मंदिर समिति ने यात्रा प्रबंधन के लिए समुचित व्यवस्थाएँ की हैं, जिसके चलते यात्रा सुगमता से चल रही है।

तुंगनाथ

रुद्रप्रयाग जिले में स्थित तृतीय केदार तुंगनाथ मंदिर में 95 हजार से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। जबकि भगवान केदारनाथ के शीतकालीन गद्दी स्थल ओंकारेश्वर मन्दिर, ऊखीमठ में 34 हजार, शिव पार्वती विवाह स्थल त्रियुगीनारायण में 1 लाख 28 हजार और द्वितीय केदार मदमहेश्वर धाम में 10 हजार से अधिक तीर्थयात्रियों ने पूजा–अर्चना की है। 20 जून के बाद सभी तीर्थस्थलों में श्रद्धालुओं की संख्या में गिरावट आई थी, लेकिन पवित्र सावन मास शुरू होते ही यहां भक्तों की संख्या बढ़ने लगी हैं।

मौसम

मौसम विभाग ने आज उत्तरकाशी देहरादून और टिहरी जिलों में कहीं–कहीं भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। इस अवधि में राज्य के पर्वतीय जिलों में कहीं–कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने और तीव्र से अति तीव्र दौर की बारिश की संभावना है। विभाग ने अल्मोड़ा, नैनीताल, चम्पावत और ऊधमसिंह नगर जिले के कुछ स्थानों पर, जबकि शेष जिलों के अनेक स्थानों पर गर्जन के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान को देखते हुए टिहरी जिले में कक्षा एक से 12 तक के स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों में आज अवकाश घोषित किया गया है। इस बीच, राजधानी देहरादून सहित प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में आज बादल छाए हैं। अल्मोड़ा में मौसम सामान्य है। बागेश्वर में जिले में मलबा आने से बाधित आंतरिक मोटर मार्गों को खोलने के लिए संबंधित विभाग द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं। प्रशासन ने लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है। विशेषकर पहाड़ी क्षेत्रों में अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी गई है।

पौधारोपण

हरियाली और पर्यावरण संरक्षण को समर्पित उत्तराखंड के लोकपर्व हरेला के अवसर पर मसूरी के दूरस्थ गांव दूधली में एक समाज सेवी संस्था ने पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर संस्था के सदस्यों और स्थानीय ग्रामीणों ने 30 से अधिक विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे और पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया। संस्था की संयोजक जसबीर कौर ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं, बल्कि उनकी सुरक्षा और देखभाल की जिम्मेदारी निभाना भी है।

हरेला पर्व उत्तराखंड में प्रकृति, हरियाली और जीवन के प्रति श्रद्धा का प्रतीक माना जाता है। इसी भावना के साथ संस्था ने इसे सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि हरियाली अभियान के रूप में मनाया।